Bareilly Monday
11 March 2024
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण inext

फागुन की फुहार में भीगे तन-मन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 March): श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में संडे को गायन गुरुओं और उनके स्टूडेंट्स 'फाल्गुन की फुहार के रंग बिखेरे'. सभी ने होली गीतों को अपनी आवाज दी और श्रोताओं को होली के रंगों से सराबोर किया. कार्यक्रम का आरंभ आज ब्रज में होली रे गाकर गायन के विद्यार्थी अंशुमा, शालिनी पांडेय, सताक्षी अग्रवाल और श्रेया ने किया.

कलाकारों की प्रस्तुति ने मोह लिया सब का मन.

ये गाए गए गीत

विद्यार्थी डॉ. अनुज कुमार ने होली खेले मसाने में गीत को अपनी आवाज दी तो डॉ. वंदना दुग्गल खन्ना ने सकल ब्रज धूम मची को गाकर कार्यक्रम को होलीमय बना दिया. अतिथि गायक डॉ. रीता शर्मा ने होली खेलो जी राधे संभाल के और इंदु परडल ने रंग देख जिया ललचाये को अपने स्वर से सजाया. गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने रंग डारूंगी नंद के लालन पे और गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने जब फाल्गुन रंग झमकते हैं को अपनी आवाज से सजाया. दोनों गायन गुरुओं ने होली कनक भवन में को भी एक साथ स्वर दिए. गायन के विद्यार्थियों के गाये रंग दे रंग दे रंग दे मोहे अपने ही रंग में गाने से फाल्गुन की फुहार थमी और कार्यक्रम का समापन हुआ. इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे.